


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 8 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-071 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 9 जून 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## चिंतन शिविर: सुशासन और विकास की नई दिशा

**दृष्टिकोण**

**संजय दुबे**

नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा आयोजित हो रहे दो दिवसीय चिंतन शिविर को केवल एक औपचारिक आयोजन मानना इसकी गंभीरता और दूरदर्शिता को कम आँकना होगा। यह शिविर राज्य की प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक दिशा को सुदृढ़ करने की एक ठोस कोशिश है, जिसमें सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। यह आयोजन न केवल नीतियों की समीक्षा का मंच है, बल्कि 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में नए विचारों को आकार देने का अवसर भी है। सरकार की कार्य प्रणाली पर नजर डाली जाए तो साय सरकार ने अपने शुरुआती महीनों में ही यह स्पष्ट कर दिया है कि वह केवल घोषणाओं की राजनीति नहीं, बल्कि परिणामोन्मुखी प्रशासन को प्राथमिकता देती है। चिंतन शिविर इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है, जहाँ न केवल नीतियों की समीक्षा की जा रही है, बल्कि भविष्य की कार्ययोजना पर भी मंथन हो रहा है। सभी विभागों के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी इस बात का संकेत है कि यह आयोजन केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि ठोस नतीजों की ओर अग्रसर है।

सुशासन अभिसरण विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों पर गहन चर्चा हो रही है। यह सरकार के समग्र और समावेशी विकास की दृष्टि को दर्शाता है। यह शिविर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति, आदिवासी सशक्तिकरण, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर ठोस रणनीति तैयार करने का अवसर देगा। हाल ही में देहरादून में छत्तीसगढ़ के सामाजिक सशक्तिकरण मॉडल को राष्ट्रीय सराहना मिली, जो राज्य की प्रगति को दर्शाता है। यह शिविर डबल इंजन सरकार के तहत केंद्र-राज्य के समन्वय को और मजबूत करेगा। यह चिंतन शिविर एक सकारात्मक संकेत है कि छत्तीसगढ़ अब निर्णयों में पारदर्शिता और सहभागिता के नए युग की ओर बढ़ रहा है। उम्मीद है कि इस शिविर में निकले विचार और रणनीतियाँ आने वाले समय में राज्य को एक नई ऊंचाई पर ले जाएँगी।

# सरकार का दो दिवसीय चिंतन शिविर शुरू

**रायपुर ,8 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

**सुशासन की नई पहल**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों का दो दिवसीय चिंतन शिविर आज आईआईएम रायपुर में प्रारंभ हो गया है. छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर (आईआईएम) के सहयोग से दो दिवसीय चिंतन शिविरका आयोजन किया गया है. कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात आज 'परिवर्तनकारी नेतृत्व और दूरदर्शी शासन', संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के साथ सक्षमता से सततता तक: विकास के लिए सार्वजनिक वित्त पर पुनर्विचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र का आयोजित किया गया. शिविर के दौरान भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रो. हिमांशु राय (डायरेक्टर आईआईएम इंदौर), डॉ. रविंद्र ढोलकिया (आईआईएम अहमदाबाद), संजीव सान्याल (प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद सदस्य), पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक उदय माहुरकर, ग्लोबल डिजिटल स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र प्रताप गुप्ता जैसे ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों को संबोधित कर रहे हैं। गौरतलब है कि साय सरकार के दो दिवसीय चिंतन शिविर में "परिवर्तनकारी नेतृत्व व दूरदर्शी शासन", संस्कृति,सुशासन व राष्ट्र निर्माण, "सुशासन से निर्वाचन तक" विषय समेत "समावेशी डिजिटल व्यवस्था" पर विस्तृत रूप से चर्चा होगी। इतना ही नहीं इस चिंतन शिविर में प्रदेश सरकार के सभी मंत्री अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में किए गए काम और अनुभवों को बताएंगे। इसके साथ ही सभी मंत्री सेवा, संकल्प और सीख पर चर्चा करेंगे।



**दो दिवसीय चिंतन शिविर में देश के कई नामी विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे**

**शिविर में सुशासन और समावेशी विकास पर चर्चा**

# 'केंद्र और राज्य सरकार माओवादियों से बातचीत को तैयार : विजय शर्मा

**रायपुर ,8 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अभी भी केंद्र और राज्य सरकार माओवादियों से किसी भी तरह की बातचीत करने को तैयार है. अगर माओवादी बातचीत करें, तो जरूर हो सकता है. सबसे अपील है कि मुख्य धारा में आएं. सबसे अपील है कि पुनर्वास करें. बहुत अच्छी पुनर्वास नीति के साथ विष्णु देव सरकार अमित शाह के मार्गदर्शन में काम कर रही है. यह बात उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में कही. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नेशनल पार्क एरिया में बीते तीन दिनों से चल रहे एनकाउंटर को लेकर कहा कि ये बीजापुर का नेशनल पार्क एरिया है. जहां डीआरजी के जवानों के ये सर्च ऑपरेशन अनवरत जारी है. यह पांच तारीख से पहले से ही लांच हो चुका था. पांच तारीख को पहली बड़ी उपलब्धि जवानों को मिली, जब उन्होंने एक सीसी मेंबर को न्यूट्लाइज किया गया. दूसरे दिन तेलंगाना स्पेशल जोनल कमिटी का मेंबर मार गिराया और आज पांच और डेड बॉडी वहाँ से रिकवर की गई है. ये सभी वर्दीधारी, हथियारधारी, नक्सली हैं, जिन्होंने बहुत से आतंक फैलाये हैं, बहुत से लोगों के हत्याएं की हैं. विजय शर्मा ने प्रदेश के पुलिस अधिकारी व जवानों का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सम्मान किए जाने पर कहा कि अमित शाह ने अपने दिल्ली निवास में बुलाकर उन सबका सम्मान किया है. जिन्होंने बड़े ऑपरेशन किए हैं, जिन्होंने बड़े अभियान किए है, जिन्होंने बड़े परिश्रम से काम किया है. इसमें डीजीपी गौतम भी है, नक्सल ऑपरेशन के हेड विवेकानंद है, बस्तर के आईजी सुन्दरराज भी है, इनके अलावा इसमें नारायणपुर के एसपी, बस्तर के एसपी और बीजापुर के एसपी का सम्मान किया गया है. गृह मंत्री ने कहा कि वैसे मन में सब के लिए सम्मान है, यह संकेत स्वरूप है. जवानों का तो सबसे पहले सम्मान है, जो जमीन पर, जो फ्रंट पर काम करते हैं, उनका सबसे पहले सम्मान है. उन्हीं के सम्मान में यह सबकुछ किया गया है, वीर जवानों के सम्मान में किया गया है.





## रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की हो गई सगाई

**नई दिल्ली,8 जून।** टीम इंडिया के क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज ने सगाई कर ली है. 8 जून (रविवार) को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में दोनों ने एक-दूसरे को रिंग पहनाई. रिंग सेरेमनी लखनऊ के पांच सितारा होटल centrum में रखी गई थी. इस सेरेमनी में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर्स प्रवीण कुमार और पीयूष चावला के अलावा यूपी रणजी टीम के कप्तान आर्यन जुयाल जैसे नामचीन खिलाड़ी शामिल हुए. रिंग सेरेमनी में रिंकू सिंह व्हाइट ड्रेस में नजर आए, वहीं प्रिया सरोज गुलाबी ड्रेस पहनी हुई थीं. स्टेज पर पहुंचते ही प्रिया सरोज की खुशी में आंसू निकल आए. बाद में दोनों ने मुस्कुराते हुए पोज दिए. समारोह में लगभग 300 मेहमान शामिल हुए.

## अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा तय



**रायपुर,8 जून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जून माह के अंतिम दिनों में छत्तीसगढ़ के दौरे पर आएंगे. अपने प्रवास के दौरान अमित शाह नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से मुलाकात करेंगे. नक्सल मोर्चे पर सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी के बाद केंद्रीय गृहमंत्री का छत्तीसगढ़ दौरा होने जा रही है. नक्सल मोर्चे पर मिली कामयाबी के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने अधिकारियों का दिल्ली में सम्मान किया था. अब छत्तीसगढ़ में आकर सुरक्षाबल के जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाएंगे.

## असम से बाहर निकाले जाएंगे बांग्लादेशी

**गुवाहाटी,8 जून।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि राज्य में अब अवैध प्रवासियों की पहचान कर बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के निष्कासन के लिए विदेशी न्यायाधिकरणों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, "सुप्रीम कोर्ट ने क्लॉज 6A पर संविधान पीठ की सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया है कि हर मामले में न्यायिक प्रक्रिया की जरूरत नहीं है। असम में प्रवासियों को सीधे निष्कासित करने के लिए पहले से ही एक वैध कानून मौजूद है। हम पहले इस कानून के प्रभाव को नहीं समझ सके क्योंकि हमारे वकीलों ने इस पर ध्यान नहीं दिया था।" 1950 के इस आदेश के तहत जिलाधिकारी को सीधे आदेश जारी कर प्रवासियों को निष्कासित करने का अधिकार प्राप्त है। मुख्यमंत्री के अनुसार, जहां कोई मामला अदालत में लंबित नहीं है, वहां अब तुरंत कार्रवाई होगी। सरमा ने कहा, "जिन मामलों में न्यायिक प्रक्रिया नहीं चल रही है, वहां अब हम सीधे निष्कासन की प्रक्रिया अपनाएंगे।

## पुतिन आर्मी ने एक और शहर में लहराया रूसी झंडा

**कीव/मॉस्को,8 जून।** रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन साल पूरे हो गए हैं। दिन-ब-दिन यह जंग खतरनाक बनती जा रही है। पिछले दिनों यूक्रेन के रूस पर घातक वार और रूस के पलटवार ने युद्ध को और खतरनाक बना दिया है। इस महायुद्ध की सबसे भयावह बात यह है कि यह तीन साल से बिना रुके जारी है। यूक्रेन एक तरफ रूस के भीतर सेंध लगाकर उसकी धरती दहला रहा है तो दूसरी ओर रूसी सेना लगातार यूक्रेनी शहरों पर कब्जा करती जा रही है। रविवार को रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेना ने यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में जोरिया नामक बस्ती पर कब्जा कर लिया है। इस ताज़ा बढ़त के साथ रूस ने यूक्रेन की लगभग 20 प्रतिशत जमीन पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वॉर रिपोर्ट कार्ड-2025 और रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूक्रेन में अब तक रूसी सेना 1,12,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक जमीन पर अपना कब्जा कर चुकी है। रूस की यह ताज़ा सैन्य सफलता कोई अचानक हुई घटना नहीं है। सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि रूस अब धीमी लेकिन स्थिर गति से पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

## भारत में रामराज्य की स्थापना ही हमारा संकल्प : बृजमोहन

**रायपुर ,8 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**



रायपुर में शनिवार को 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार की संवाहक है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज और भी प्रासंगिक हैं। सांसद बृजमोहन ने कहा कि संकल्प से सिद्धि केवल केंद्र सरकार का कार्यक्रम मात्र नहीं बल्कि यह भारत के जन जीवन को सुव्यवस्थित करने का प्रण है जिसमें उत्तम शिक्षा हो , बेहतर स्वास्थ्य हो , जन सुविधाओं का विस्तार हो , उत्तम आंतरिक और बाह्य सुरक्षा निर्धारित हो , वैश्विक रूप से भारत का गहरा प्रभाव रहे विश्व गुरु के रूप में पूरे विश्व का मजबूत नेतृत्व भारत के हाथ में हो यदि एक पंक्ति में कहा जाए तो भारत में राम राज्य की स्थापना ही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का मकसद है।

कार्यशाला का आयोजन एकात्म परिसर में किया गया, जिसमें रायपुर ग्रामीण के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह कर दिखाया है, जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की गई थी— 370 हट चुकी है, श्रीराम मंदिर बन चुका है, और पाकिस्तान को उसकी भाषा में जवाब मिला है। मोदी हैं, तो मुमकिन है।

**25 जून: आपातकाल की बरसी पर सेमिनार, प्रदर्शनी और लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान**-बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएं और बताएं कि कैसे 'संकल्प से सिद्धि' केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। इस मौके पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब, नवीन अग्रवाल, चंद्रशेखर साहू, श्याम नारंग, देवजीभाई पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आतंकवाद के मुद्दे पर यूरोप भारत के साथ खड़ा है : रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली,8 जून।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल छह यूरोपीय देशों के राजनयिक दौरे के बाद रविवार को दिल्ली लौटा, इस दौरान सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की स्थिति को मजबूती से व्यक्त किया और पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अपने समकक्षों को जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रसाद ने कहा: "भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी का दौरा किया। हमने संसद के वरिष्ठ नेताओं, थिंक-टैंक और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विदेशी देशों में काफी गुस्सा है और सभी देशों ने इसकी निंदा की है। हम यूरोपीय संसद भी गए। भारतीय समुदाय हमसे मिलने के लिए बहुत उत्साहित था। भारत और यूरोप के बीच एक नया रिश्ता स्थापित होने जा रहा है। यह एक बहुत ही संतोषजनक यात्रा थी।"



बर्लिन में प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और बुंडेस्टैग के उपाध्यक्ष ओमिद नूरीपुर सहित जर्मनी के शीर्ष सरकारी और संसदीय नेताओं से मुलाकात की। सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति और सीमा पार हमलों के प्रति इसके सैद्धांतिक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने पहलगाम की घटना के जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की गैर-उग्र, सटीक और जिम्मेदार प्रकृति पर जोर दिया।

## देश की आजादी एक व्यक्ति के कारण नहीं मिली : मोहन भागवत

**नागपुर,8 जून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की सामूहिक प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी 1857 के विद्रोह से शुरू हुए व्यापक प्रयासों का परिणाम थी, न कि किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि थी। नागपुर में एक पुस्तक विमोचन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि हमेशा इस बात पर बहस होती है कि देश को आजादी किसके प्रयासों से मिली। लेकिन वास्तविकता यह है कि यह आजादी किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं मिली। इसके लिए प्रयास 1857 में शुरू हुए और हर जगह आग भड़क उठी; उसके बाद, यह आग कभी शांत नहीं हुई। प्रयास जारी रहे और सभी के सामूहिक प्रयासों से हमें आजादी मिली। सामूहिक विचार और निर्माण के महत्व को समझाते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ की दिशा सामूहिक विचार से तय होती है, संघ का काम एक या दो लोगों का काम नहीं है, संघ जो भी करता है और जो भी कहता है, वह सामूहिक निर्णय होता है। इससे पहले 5 जून को आरएसएस प्रमुख ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले की कड़ी निंदा की थी और भारतीय सेना की त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की सराहना की थी। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक ताकतों से इस घटना के बाद उभरी एकता की भावना को बनाए रखने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा, "पहलगाम में एक बर्बर हमला हुआ। आतंकवादी हमारे देश में घुस आए और हमारे नागरिकों को मार डाला। हर कोई दुखी और क्रोधित था और अपराधियों के लिए सजा चाहता था। वास्तव में कार्रवाई की गई...इस संबंध में, हमारी सेना की क्षमता और बहादुरी एक बार फिर चमक उठी। रक्षा में अनुसंधान की प्रभावशीलता साबित हुई...हम सभी ने सरकार और प्रशासन की दृढ़ता देखी।" उन्होंने कहा कि हम सभी राजनीतिक दलों की आपसी समझ और आपसी सहयोग को भी देख रहे हैं, जो सभी मतभेदों को भुला रहे हैं...अगर यह स्थायी हो जाए और मुद्दों के पुराने होने के साथ-साथ फीका न पड़े, तो यह देश के लिए बहुत बड़ी राहत होगी। जैसे हमने देशभक्ति के इस माहौल में सभी मतभेदों और प्रतिद्वंद्विता को भुला दिया, वैसे ही आदर्श लोकतंत्र का यह नजारा आगे भी जारी रहना चाहिए। हम सभी यही चाहते हैं।



# मणिपुर में फिर बढ़ा तनाव !

**इंफाल,8 जून।** राज्य की राजधानी में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक विरोध और झड़पों के बाद मणिपुर के घाटी जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। बिष्णुपुर जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है, जबकि इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, थौबल और काकचिंग के अन्य घाटी जिलों में पांच या उससे अधिक लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शनिवार रात को मैतेई संगठन अरंबाई टेंगोल के एक नेता और कुछ अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी की खबरों के बाद अशांति भड़क उठी। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों के बीचों-बीच टायर और पुराने फर्नीचर जलाए, हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार का घेराव किया और नेता की रिहाई की मांग करते हुए सुरक्षा बलों से भिड़ गए। उनमें से कुछ ने इंफाल में आत्मदाह का भी प्रयास किया। रविवार को स्थिति तनावपूर्ण रही।



रविवार को लगभग 2 बजे, मणिपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी पुष्टि की और इंटरनेट सेवाओं के निलंबन, कर्फ्यू और निषेधाज्ञा के आदेश की प्रतियां साझा कीं।

मीतेई संगठन अरम्बाई टेंगोल के एक नेता की गिरफ्तारी का दावा करने वाली रिपोर्टों के बाद फिर से हिंसा भड़क उठी। हालांकि पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान या उसके खिलाफ आरोपों का खुलासा नहीं किया, लेकिन रिपोर्टों से पता चला है कि नेता कानन सिंह है। शनिवार रात को राज्य की राजधानी में कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के साथ झड़प की। इंफाल पूर्वी जिले के खुरई लामलोंग इलाके में, एक उग्र भीड़ ने एक बस को आग लगा दी। क्वाकेथेल में, कई गोलियों की आवाज सुनी गई, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि गोली किसने चलाई। गिरफ्तार नेता को राज्य से बाहर ले जाने की अपुष्ट रिपोर्टों के बाद, प्रदर्शनकारी तुलीहाल में इंफाल हवाई अड्डे के गेट के बाहर भी एकत्र हुए।

## पाक ने यूएस से भीख में मांगा एयर डिफेंस सिस्टम

**वाशिंगटन,8 जून।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के जोरदार हवाई हमलों से बौखलाया पाकिस्तान अब खुलेआम अमेरिका से उन्नत हथियार प्रणाली की गुहार लगा रहा है। वॉशिंगटन में मौजूद पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और नवाज शरीफ कैबिनेट में मंत्री मुसादिक मलिक ने का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह अमेरिका से एयर डिफेंस सिस्टम और फाइटर जेट्स बेचने की गुहार लगा रहे हैं। उनका यह बयान पाकिस्तान में सरकार द्वारा किए जा रहे 'जीत' के दावों से एकदम उलट है। वायरल हो रहे वीडियो में मलिक कहते हैं, "भारत 80 विमानों और 400 मिसाइलों के साथ आया था, जिनमें से कुछ परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। आपने देखा क्या हो सकता था हमारे साथ। अगर हमारे पास एयर डिफेंस सिस्टम न होते तो हम मलबे में बदल चुके होते। भारत टेक्नोलॉजी इस्तेमाल कर रहा है। वह बहुत ही एडवांस है। आप ले आइए वो टेक्नोलॉजी, हम आपसे खरीदने को तैयार हैं।" आपको बता दें कि मलिक विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में अमेरिकी अधिकारियों और सांसदों से वार्ता के लिए अमेरिका दौरे पर हैं। मलिक का यह कबूलनामा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा पाकिस्तान में बार-बार की जा रही उस बयानबाजी को पूरी तरह खारिज करता है, जिसमें वह भारत के खिलाफ युद्ध में पाकिस्तान की जीत का दावा करते हैं। यहां तक कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर को 'फील्ड मार्शल' की उपाधि भी दे दी गई, जिसे भारत के खिलाफ जीत के तौर पर प्रस्तुत किया गया। शहबाज शरीफ ने खुद स्वीकार किया था कि भारत ने रावलपिंडी सहित कई पाकिस्तानी इलाकों में मिसाइल हमले किए। उन्होंने कहा, "भारत ने अपनी ब्रह्मोस मिसाइल दागी, जो पाकिस्तान के विभिन्न प्रांतों में गिरी। उनमें रावलपिंडी का एयरपोर्ट भी शामिल है।



## एक नजर

### रेपो रेट में कटौती से उद्योग एवं व्यापार को गति मिलेगी : अमर पारवानी

**रायपुर, 8 जून।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा 6 जून 2025 को रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत (50 बेसिस पॉइंट) की कटौती का निर्णय स्वागत योग्य है। इस कदम से विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के औद्योगिक और व्यापारिक परिदृश्य को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि 3 दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (डच्छ) की बैठक के पश्चात आरबीआई ने रेपो रेट को 6.00 प्रतिषत से घटाकर 5.50 प्रतिषत कर दिया है। यह लगातार तीसरी बार है जब रेपो रेट में कटौती की गई है। वर्ष 2025 में अब तक 100 बेसिस पॉइंट (1.00 प्रतिषत) की कुल कमी की जा चुकी है।

### मोबाइल दुकान के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 8 जून।** रवि भवन सूर्या मोबाइल के सामने खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उपेश साहू 40 वर्ष मठपुरैना टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 07 एएस 2451 को रवि भवन स्थित सूर्या मोबाइल के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीरब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक चालक ने सायकिल सवार को रौंदा

**रायपुर, 8 जून।** रामकृष्ण अस्पताल के पास ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सायकिल सवार को रौंद दिया। जिससे सायकिल सवार युवक की मौत हो गई। मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक खेदू यादव 40 वर्ष रामकृष्ण अस्पताल के पास रहता है। बताया जाता है कि खेदू अपनी सायकिल से कहीं जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमसी 7161 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए खेदू को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 8 जून।** उरला और गुढ़ियारी पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 50 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने बीएसयूपी कालोनी तालाब के पास दबिश देकर आरोपी भारती ध्रुव 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी भोले हाथी 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### 144 स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति

**रायपुर, 8 जून।** धमतरी जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया ने शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय स्कूलों में नई उम्मीद की किरण जगाई है। जिले के 181 शिक्षक विहीन स्कूलों में से 144 स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे सुदूर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस कदम से न केवल शैक्षणिक वातावरण में सुधार होगा, बल्कि बच्चों के भविष्य को भी नई दिशा मिलेगी। राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद दूरस्थ क्षेत्रों के शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय स्कूलों में नए शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। नगरी विकासखंड सहित जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। विशेष रूप से कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को गणित और विज्ञान जैसे विषयों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से 111 स्कूलों में गणित और विज्ञान के शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिससे इन विषयों में बच्चों की समझ को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया 'सेवा भारतीय मातृ छाया शिशु गृह' का निरीक्षण

# बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है : राजवाड़े



**रायपुर, 8 जून।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बिलासपुर में स्थित गैर शासकीय संस्था सेवा भारतीय मातृ छाया शिशु गृह (विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिशु गृह में निवासरत बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और संस्था द्वारा प्रदान की जा रही देखभाल सुविधाओं की जानकारी ली।

मंत्री राजवाड़े ने बच्चों के साथ समय बिताया और कहा, इन मासूम चेहरों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। ये बच्चे हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी हैं, और उनके सुरक्षित, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्था द्वारा बच्चों के संरक्षण, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और पुनर्वास की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण योग्य बच्चों के लिए कार्यरत ऐसी संस्थाएं समाज में सकारात्मक बदलाव की आधारशिला हैं। सेवा भारतीय मातृ छाया शिशु गृह, एक मान्यता प्राप्त विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी है, जो परित्यक्त, अनाथ और असहाय बच्चों को आश्रय, देखभाल और सुरक्षित गोदन प्रक्रिया के माध्यम से नया परिवार प्रदान करती है। संस्था में बच्चों की उम्र के अनुसार पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।

#### ऐसे संस्थाओं को समय-समय पर तकनीकी सहयोग करें

मंत्री राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी संस्थाओं को समय-समय पर तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया जाए ताकि बच्चों को बेहतर जीवनशैली मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को पारदर्शी, संवेदनशील और सरल बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी, बाल संरक्षण इकाई के सदस्य एवं संस्था की संचालिका सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। सभी ने मंत्री को संस्था की कार्यप्रणाली एवं वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

# तोमर बंधुओं के नेपाल भागने की खबर

### पुलिस ने कसा शिकंजा, दोनों भाईयों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दे रही दबिश

**रायपुर, 8 जून।** मारपीट, सूदखोरी और अवैध हथियार के गंभीर मामलों में आरोपित वीरेंद्र और रोहित तोमर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए हैं। पुलिस इन दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। इनके नेपाल भागने की खबर है। आरोपितों का पासपोर्ट भी नहीं मिल रहा है।

वहीं सूदखोरी मामले में आरोपित बनाई गई दोनों की पत्नियों से भी अब तक पूछताछ नहीं हो पाई है। उनके घर में काम करने वाले, साथ में चलने वाले 35 में से 25 लोग गायब हैं। बताया जा रहा है कि इनके नाम पर करोड़ों की संपत्ति है। पैसों का अवैध लेन-देन इनके ही बैंक खाते में किया गया है।

तोमर बंधुओं ने ब्याज के नाम पर लोगों से करोड़ों की वसूली की है। इसके अलावा कर्जदारों को डराकर उनकी संपत्ति की अपने नाम या अपने कर्मचारियों के नाम रजिस्ट्री कराई गई। इन कर्मचारियों के खातों में बड़ी रकम का ट्रांजैक्शन हुआ है, लेकिन सभी कर्मचारी अब गायब हैं। पुलिस इन खातों और संपत्तियों की जानकारी खंगाल रही है। वहीं काम करने वाले दूसरे राज्यों के हैं। इससे अब पुलिस का उन तक पहुंचना मुश्किल होगा।

दोनों की जानकारी अब एक-एक करके सामने आ रही है। सूदखोरी से जमा की गई राशि को दोनों भाइयों ने सट्टे के धंधे में निवेश किया है। वहीं हवाला का भी काम करते थे। पैसे को एक जगह से दूसरी जगह तक छोड़ने का काम उनके आदमी करते थे।



#### वीरेंद्र-रोहित के घर आईटी का छापा

रायपुर में रविवार को इनकम टैक्स के अफसरों ने हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर के घर पर छापेमारी की। टीम ने टैक्स और संपत्ति को लेकर तोमर ब्रदर्स के घर पर पूछताछ की। दोनों भाइयों ने सूदखोरी का जाल बिछाकर कर्जदारों से करोड़ों रुपए वसूला है। मिली जानकारी के मुताबिक रेड के दौरान रायपुर निगम के अफसर भी मौजूद थे। निगम के अधिकारियों ने भी आरोपियों के घर पर संपत्ति संबंधित दस्तावेजों की जांच की। इसके कुछ देर बाद चले गए। दोनों भाई पिछले 7 दिन से फरार हैं। वहीं पुलिस को दोनों सूदखोरों की मदद करने वालों की भी तलाश है।



50 की हुई शिल्पा

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 'बाजीगर' से की थी. एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने महज 17 साल की उम्र में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। उन्हें अपने करियर और जीवन में कई तरह के उतार चढ़ाव से गुजरना पड़ा है, वो अपनी फिटनेस के कारण भी लोकप्रिय रहीं हैं.

# आरएसएस ने मनाया हिन्दू साम्राज्य दिवस

**रायपुर, 8 जून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्रीबालाजी प्रभात शाखा शंकरनगर में श्रीबालाजी उद्यान सेक्टर-2 शंकरनगर में मुख्य अतिथि माननीय संघ संचालक प्रमोद खरे, एवं डी आर साहू, शाखा कार्यवाह, की अध्यक्षता में हिन्दू साम्राज्य दिवस मनाया गया। गीत-धनीराम साहू, एवं अमृतवचन तुलसीराम साहू, एवं श्लोक वाचन का कार्य हेमलाल साहू द्वारा किया गया। मुख्यवक्ता प्रमोद खरे वीर शिवाजी के जीवनी प्रकाश डालते हुये उनके शासनकाल पर सविस्तार वर्णन किये। गाँधीनगर, पंडरीतराई, शक्तिनगर, राजीव नगर, शंकरनगर रायपुर के गणमान्य नागरिक बी.पी. ओटी, राजन मोहन नायर, ज्ञानप्रकाश साहू, मनीराम वर्मा, बिहारीराम वर्मा, राधेश्याम राय, टेकराम साहू, चि.वेदप्रकाश साहू, चि. अनन्तराय, चि. अयांश राय, अभ्यस्त वर्मा अवि वरिष्ठ नागरिक सीताराम वर्मा, सुधीर चौबे, संजय साठे, श्रीअमित वर्मा एवं स्वयंसेवक गण तथा 40-45 बच्चे उपस्थित रहे जिसे यहां के नागरिक श्रीधर दीवान ने अपने पिता बद्रीधर दीवान के स्मृति में कापी, पेन, पेंसील आदि वितरण किये।

## बैज अपना घर सम्हालें, बंद करें ताकाझांकी : अनुराग अग्रवाल

**रायपुर, 8 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि जिस कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अपने कार्यकाल के दो साल में अपनी प्रदेश कार्यकारिणी तक नहीं बना पाए हैं, उन्हें भाजपा और भाजपा सरकार पर कोई भी टिप्पणी सोच-समझकर करनी चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि उधार की कार्यकारिणी पर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस को चला रहे बैज पहले अपने घर-आंगन के गड्?ढों को दुरुस्त करने में अपनी ऊर्जा खपाएँ तो कांग्रेस की सियासी सेहत के लिहाज से बेहतर रहेगा।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्री अग्रवाल ने कहा कि संभवतः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अपने पद से चला-चली की बेला करीब आने का भान हो चुका है और अपनी कुर्सी व अपना सियासी वजूद बचाने की जद्दोजहद में बैज अब भाजया के खिलाफ किसी भी मुद्दे पर ऊलजलूल प्रलाप करने में लगे हैं। बैज से अपना घर तो सम्हल नहीं रहा है, कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी उनकी बातों पर कान नहीं दे रहे हैं और बैज को भाजपा के आंगन में ताकाझाँकी करने से फुर्सत नहीं मिल रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि दरअसल, सत्ता से विछोह और कुर्सी छिन जाने की प्रबल हो रही आशंकाओं ने बैज की व्याकुलता को बढ़ा दिया है। बैज यह बात अच्छी तरह जानते और समझते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी के वादों पर तेजी से अमल किया है और उसी दिशा में तेजी से काम कर रही है। अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के दो साल में प्रदेश में तीन-तीन चुनावों में हारने और कांग्रेस का सियासी बेड़ा गर्क करने के बाद भी बैज अनर्गल प्रलाप से बाज नहीं आ रहे हैं और हर मुद्दे पर सफेद झूठ बोलकर प्रदेश को भरमाने की नाकाम कोशिशों में लगे हैं।

# अजीत जोगी की मूर्ति लगाने अमित ने दिया एक महीने का अल्टीमेटम

### क्रेन से मूर्ति को लेकर जाएंगे मुख्यमंत्री निवास

**रायपुर, 8 जून।** पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा विवाद का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है । आज इस संबंध में अजीत जोगी के पुत्र और जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ली । अमित जोगी ने कहा कि गौरेला पेंड्रा मरवाही में कुछ लोगों ने अजीत जोगी की प्रतिमा उखाड़कर कचरे में फेंक दिया था । अब तक ना प्रतिमा पुनर्स्थापित हो पाई है और ना ही दोषी पकड़े गए ।

उन्होंने कहा कि हमे इस सरकार से अब उम्मीद भी नहीं हैं । उन्होंने पूछा कि ये प्रतिमा जोगी परिवार के निजी जमीन पर लगाई गई थी, तो उसे किस आधार से हटाया गया ? उन्होंने धमकी दी कि अगर एक महीने के अंदर प्रतिमा पुनर्स्थापित नहीं की गई, तो हम इसके लिए बड़ा आंदोलन करेंगे । क्रेन से मूर्ति को लेकर रायपुर छ्टरूहाउस आएंगे।

वहीं अजीत जोगी की पत्नी और पूर्व विधायक रेणु जोगी ने कहा कि साय सरकार को पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के सम्मान का ख्याल रखना चाहिए। गौरेला पेंड्रा मरवाही और प्रदेश की जनता की भावना के अनुरूप उनकी प्रतिमा वहीं लगाई जानी चाहिए। इस पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। अगर जिला प्रशासन द्वारा इस पर आपत्ति की गई है, तो जरूर उसकी कोई बड़ी वजह होगी। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए ।

**अमित जोगी ने कलेक्टर को सौंपे जमीन के दस्तावेज:** बता दें कि मूर्ति को ज्योति तिराहे पर स्थापित करने और चोरों को पकड़ने के लिए अमित जोगी लगातार प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं। बीते सोमवार को अमित जोगी अपनी मां रेणु जोगी के साथ कलेक्टर दफ्तर पहुंचे थे। अमित जोगी ने कलेक्टर के सामने जमीन से संबंधित दस्तावेजों को रखा। अमित जोगी ने बताया कि जिस जगह पर मूर्ति की स्थापना की जानी है उस जगह का सहमति पत्र और स्वामित्व दस्तावेज उनके पास है। जोगी ने जिला प्रशासन से मूर्ति चोरी करने वालों को जल्द गिरफ्तार करने की भी मांग की थी।



# छग स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने एक झटके में बढ़ाई दोगुनी फीस

- **सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए स्वास्थ्य मंत्री को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र**

**रायपुर, 8 जून।** छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण के शुल्क को लगभग एक साथ तीन गुना बढ़ा दिया गया है. इसके साथ सदस्यों एवं अध्यक्ष को दिए जाने वाले भत्ते को भी लगभग दो गुना बढ़ा दिया गया है. इस पर आपत्ति जताते हुए काउंसिल के सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता और भगत राम वर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर फीस कम करने का आदेश देने की मांग की है.

छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता और भगत राम वर्मा ने बताया छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल की 8 मई को आयोजित आमसभा में बहुमत का दुरुपयोग करते हुए रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण के शुल्क को लगभग एक साथ तीन गुना बढ़ा दिया गया. इसी बैठक में सदस्यों एवं अध्यक्ष को दिए जाने वाले भत्ते को भी लगभग दो गुना बढ़ा दिया गया है.

पूर्व में रजिस्ट्रेशन शुल्क सभी छात्र/छात्राओं के लिए 5 वर्ष का 2650 रुपए था, जिसे बढ़ाकर छत्तीसगढ़ के छात्र/ छात्राओं के लिए 8319 रुपए और छत्तीसगढ़ से बाहर के छात्र/ छात्राओं के लिए 11859 रुपए कर दिया गया है. यही नहीं पूर्व में रिनिवल फीस के तौर पर बिना फाइन के 1829 रुपए और फाइन के साथ 2429 रुपए था. नई फीस के लागू होने के बाद अब बिना फाइन के कुल शुक्ल 4602 रुपए (प्रोसेसिंग फीस 400+ रिनिवल फीस 1500 + मेंटेनेंस और डेवलपमेंट चार्ज 2000 = कुल 3900 +18त्न त्रस्ञ्ज) कर दिया गया है. इसी तरह फाइन के साथ 8732 रुपए (प्रोसेसिंग फीस 400+ रिनिवल फीस 1500 + लेट फीस एक साल 500 + रिस्टोरेशन फीस 3000 + मेंटेनेंस और डेवलपमेंट चार्ज 2000 = कुल 7400 +18त्न त्रस्ञ्ज) कर दिया गया है. इस तरह से रिनिवल में 2773 रुपए की वृद्धि हुई है.

### खरसिया-नवा रायपुर और परमलकसा लाइन के लिए पखवाड़े के भीतर रेलवे देगी नक्शा

# जमीन की खरीदी-बिक्री से हटेगी रोक

**रायपुर, 8 जून।** खरसिया नवा रायपुर और परमलकसा रेलवे लाइन के लिए भू-अर्जन की वजह से 35 गांवों की जमीन खरीदी-बिक्री पर रोक लगी हुई है. किसानों की परेशानी को देखते हुए राजस्व विभाग की मांग पर रेलवे 15 दिन के भीतर फाइनल नक्शा बनाकर सौंपेगी, जिसके बाद रेल लाइन के दोनों तरफ 10-10 मीटर जमीन छोड़कर बाकी जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक हट जाएगी. छत्तीसगढ़ को केंद्र से नई रेल लाइन की सौगात मिली है. लंबे समय से प्रस्तावित खरसिया से सालिकराम रायपुर- परमालकसा तक 278 किलोमीटर तक नई डबल रेल लाइन की मंजूरी मिली है. लेकिन भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए किए गए जमीन अधिग्रहण में किए गए जमकर घोटाले के बाद सतर्क प्रशासन ने अधिग्रहण से पहले जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी है.



#### किसानों को हो रही है परेशानी

ग्रामीण क्षेत्र में किसान खेती कर गुजर बसर करते हैं. कई किसानों के पास कृषि के अलावा आय का कोई दूसरा साधन नहीं होता. कई बार फसल खराब हो जाती है, और पूरा साल मुश्किल से निकलता है. कई किसान अपने पैसे को जमीन में ही निवेश कर देते हैं, ताकि मुश्किल समय में जमीन बेचकर काम चलाया जा सके. ऐसे में जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक होने से किसानों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है.

#### रोक हटाने के रोजाना एक दर्जन आवेदन

जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक की वजह से शादी के सीजन में किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. प्रभावित क्षेत्र में आने वाले तिल्दा, आरंग और अभनपुर ब्लॉक के गांव के लोग कलेक्टोरेट पहुंचकर खरीदी-बिक्री पर रोक हटाने की मांग कर रहे हैं. रोक हटाने के लिए रोजाना 11 से 12 आवेदन कलेक्टोरेट के राजस्व विभाग सहित एसडीएम और तहसील कार्यालय में आ रहे हैं।

# शराबी कार ड्राइवर का तांडव, फूलमाला की दुकान, कार और स्कूटी सवारों को मारी टक्कर

**धमतरी, 8 जून।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में नशेड़ी कार चालक ने सड़क पर जमकर कहर बरपाया है. तेज रफ्तार में शराबी ड्राइवर ने विंध्यवासिनी मंदिर के पास फूलमाला की दुकान, कार और स्कूटी सवारों को जोरदार टक्कर मारी. मामला कोतवाली पुलिस थाना का है. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. जानकारी के मुताबिक, कार में 2 लोग सवार थे. नशे में धुत ड्राइवर ने जमकर आतंक मचाया. शहर के प्रसिद्ध विंध्यवासिनी मंदिर के पास लगे फूल-माला की दुकान को रौंद दिया. तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए इस शराबी ड्राइवर ने सड़क पर कई स्कूटी सवारों, कारों और दुकानों को नुकसान पहुंचाया. इस घटना को देख अन्य वाहन चालक सहम उठे. हादसा उस समय हुआ जब पास में एक बारात निकलने ही वाली थी. गनीमत रही कि समय रहते लोग सतर्क हो गए और एक बड़ा हादसा टल गया. इस घटना के सामने आए सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि नीले रंग की कार रिवर्स में सड़क के बीचोंबीच गोल घूमते हुए बिजली के पोल से टकरा जाती है. कार क्षतिग्रस्त होने के बाद भी ड्राइवर कार को रोकने के बजाए तेज रफ्तार में आगे भगाता है.



स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26